<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**05 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का किया शुभारंभ। कहा– पन्द्रह अप्रैल तक इस अभियान से जुड़ें सभी शिक्षक।
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में की ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक। विकसित भारत– जीराम जी के व्यापक प्रचार–प्रसार पर दिया जोर।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा– पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है सरकार। अनावश्यक बुकिंग से बचने की दी सलाह।
- प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बदला मौसम का मिजाज़। तेज हवा के बीच गरज–चमक के साथ हुयी वर्षा। मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर वरुणापार जोन में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के तहत **'स्कूल चलो अभियान'** का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियों की पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा सिर्फ सर्टिफिकेट या डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, यह मनुष्य को संस्कारित करने और समाज–राष्ट्र का भविष्य गढ़ने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि एक से पन्द्रह अप्रैल तक हर शिक्षक को स्कूल चलो अभियान से जुड़ना चाहिए। श्री योगी ने कहा कि यूपी के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों–गुरुजनों ने परिश्रम कर ऑपरेशन कायाकल्प को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

***उत्तर प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े हुए सभी शिक्षकों ने गुरुजनों ने मेहनत किया, परिश्रम किया, ऑपरेशन कायाकल्प को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। स्कूल चलो अभियान में हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने के लिए अपने स्तर पर प्रयास किया। आज ऑपरेशन कायाकल्प की जब बात आती है तो भारत सरकार के नीति आयोग ने भी देश के अंदर शिक्षा के सक्सेस स्टोरी में उत्तर प्रदेश के हिस्से में जो सबसे सक्सेस स्टोरी थी है, वह ऑपरेशन कायाकल्प को दिया है।***

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में आए परिवर्तन की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के सभी विद्यालयों में बालक–बालिकाओं के लिए अलग शौचालय और पेयजल की व्यवस्था की गई है।

ड्रॉप आउट रेट 19 से घटकर मात्र तीन फीसदी हो गया है। यूपी में अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। इस मौके पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि यह अभियान 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए है।

***स्कूल चलो अभियान एकमात्र केवल एक अभियान नहीं है। स्कूल चलो अभियान के माध्यम से हम हर बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए उसको उत्तम से उत्तम सुविधाओं के साथ जोड़ने के लिए उसके भविष्य में जिस भी दिशा में वह बच्चा जाना चाहता है उस दिशा से उसको अच्छे मजबूत नेतृत्व के साथ जोड़ने के लिए चलाया जाने वाला एक अभियान।***

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल प्रयागराज में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने विकसित भारत– जी राम जी के व्यापक प्रचार–प्रसार पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि इसकी विशेषताओं की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में सरल एवं प्रभावी ढंग से जन–जन तक पहुंचाई जाए। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय–सीमा के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रयागराज को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाकर ही विकसित भारत के विजन को मूर्त रूप दिया जा सकता है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिये आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट से तीस अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राज्य में सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी संस्थानों में पॉलिटेक्निक की कुल दो लाख चौवालीस हजार नौ सौ बहत्तर सीटों के लिये पन्द्रह मई से बाइस मई तक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा होगी।

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदा जा सकता है।

**********

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में कल नगरीय निकायों में नगरीय सुविधाओं और साफ–सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी। डेडिकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के सफल संचालन के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस बैठक में बताया गया कि स्थापना के बाद से यह केंद्र लगातार कार्य कर रहा है और स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरी निकायों की रैंकिंग सुधारने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी वर्षाकाल के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**********

प्रदेश पुलिस ने आईएसआई से जुड़े एक बड़े आतंकी आईएसआई मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए लखनऊ से गिरफ्तार चार संदिग्धों को कल विशेष अदालत में प्रस्तुत किया। वहां से उन्हें पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। आरोपी कथित तौर पर रेलवे स्टेशनों सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर विस्फोट करने की योजना बना रहे थे। पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि उनके पास से रसायनों से भरा एक डिब्बा, सात मोबाइल फोन, कुछ पर्चे और आधार कार्ड बरामद किए गए।

**********

सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग कल अपने डेलिगेशन के साथ भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर पहुंचे। श्री वोंग ने महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की तथा ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थलों का भ्रमण किया।

**********

उत्तर मध्य रेल के प्रयागराज मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कल संवाददाताओं से बातचीत कर वित्तीय वर्ष 2025–26 की प्रमुख उपलब्धियां गिनायीं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में यात्री ट्रेनों का समय पालन 80 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष से 7 दशमलव 8 प्रतिशत अधिक है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि प्रयागराज मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में रेल परिचालन, माल ढुलाई तथा यात्री सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं।

***नई ट्रेनें हम लोग लगातार बढ़ा रहे हैं। समय पालन का 80 प्रतिशत इस वर्ष करी गई है जो कि प्रयागराज मंडल के लिए रिकॉर्ड है। प्रयागराज मंडल दिल्ली हावड़ा रूट पर 750 किलोमीटर प्रयागराज मंडल है और एक के बाद एक जब ट्रेनें चलती है कोई भी छोटी से भी फेलियर होता है तो उसकी वजह से बड़ा ट्रेनों में फर्क पड़ता है। उसके बावजूद भी 80 प्रतिशत मेंटेन करना लगभग अपने आप में गर्व की बात है।***

उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विस्तार और सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। मण्डल द्वारा स्वच्छता, संरक्षा एवं यात्री संतुष्टि को प्राथमिकता दी गई।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कल से मौसम का मिजाज बदल गया है। तेज हवाओं के साथ कई स्थानों पर बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली है। कानपुर में कल शाम से मौसम बदल गया वहां तेज हवा के साथ बारिश हुई और ओले भी पड़े। उन्नाव, मैनपुरी, रायबरेली, फर्रुखाबाद, इटावा, अयोध्या, पीलीभीत और जौनपुर सहित कई जिलों में कल रात आंधी के साथ गरज चमक के बीच बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

**********